भारत सरकार
आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 2409
13 मार्च, 2025 को उत्तर दिए जाने के लिए

कावली शहर में सीवेज और सेप्टेज प्रबंधन

†2409. श्री प्रभाकर रेड्डी वेमिरेड्डीः

क्या **आवासन और शहरी कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने आंध्र प्रदेश के नेल्लोर जिले में 13.5 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से कावली शहर में सीवेज और सेप्टेज प्रबंधन के लिए किसी परियोजना का प्रस्ताव किया है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके प्रारंभ होने की तिथि क्या है;

(ख) क्या उक्त परियोजना अभी भी चल रही है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) यदि नहीं, तो विलंब के क्या कारण हैं और उक्त परियोजना कब तक पूरी हो जाएगी; और

(घ) क्या उक्त परियोजना की लागत और समय में कोई वृद्धि हुई है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
आवासन और शहरी कार्य राज्य मंत्री
(श्री तोखन साहू)

(क) से (घ) आंध्र प्रदेश सरकार द्वारा दी गई सूचना के अनुसार अटल नवीकरण और शहरी परिवर्तन मिशन के अन्तर्गत कावली शहर में 19.29 करोड़ रुपये के मूल्य की दो (02) सीवेज और सेप्टेज प्रबंधन परियोजनाएं शुरू की गई हैं। 13.49 करोड़ रुपये के मूल्य की एक परियोजना कार्यान्वयन स्तर पर है।

क्र. सं.	परियोजना का नाम	उपलब्धि	परियोजना की लागत (करोड़ रु. में)	वास्तविक प्रगति (करोड़ रु. में)
1	एसटीपी का निर्माण – 2 सं.(4+3) एमएलडी और सेप्टेज प्रबंधन	कार्य पूर्ण हो चुका है	5.48	5.48
2	एसटीपी का निर्माण – 2 सं.(4+3) एमएलडी और सेप्टेज प्रबंधन – चरण II	कार्यान्वयन स्तर पर है	13.49	13.35

कुल	19.29	18.83

राज्य सरकार ने सूचित किया है कि कोविड-19 महामारी, सरकारी पोर्टल आदि के माध्यम से नियमित आधार पर निर्माण सामग्री उपलब्ध न होने के कारण कार्यों की प्रगति में देरी हुई है। राज्य सरकार ने यह भी सूचित किया है कि लागत में कोई वृद्धि नहीं हुई है और परियोजना के पूरा होने की संभावित तिथि जुलाई 2025 है।

*****